प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शुक्रवार दिनांक 22.08.2025

मुख्य समाचारः—

- राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत राज्यपाल रमेन डेका ने राज्य के सभी जिलों में तीन सौ तीस टीबी मरीजों को 'निक्षय मित्र' बनकर गोद लिया।

- कृषि, शिक्षा और अनुसंधान को लेकर उज्बेकिस्तान के संस्थान और रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के बीच हुआ एमओयू।

- सहकार भारती द्वारा बुनकरों के लिए कल से रायपुर में दो दिवसीय प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

- मौसम विभाग के अनुसार आगामी चौबीस घंटों के दौरान उत्तर छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में हो सकती है भारी बारिश।

राज्यपाल—टीबी मुक्त

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत राज्यपाल रमेन डेका ने राज्य के सभी जिलों में तीन सौ तीस टीबी मरीजों को 'निक्षय मित्र' बनकर गोद लिया है। इसके तहत हर मरीज को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिमाह पांच सौ रुपये की राशि दी जा रही है। राज्यपाल ने उद्योगपतियों, समाजसेवी संगठनों, राइस मिल एसोसिएशन और आम नागरिकों से अपील की है कि वे आगे आकर 'निक्षय मित्र' बनें और टीबी मरीजों को गोद लेकर इस जनआंदोलन का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारत को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प साकार किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री—जापान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का एक प्रतिनिधि मंडल इन दिनों जापान और दक्षिण कोरिया के दौरे पर है। इस ग्लोबल आउटरीच मिशन का उद्देश्य छत्तीसगढ़ को वैश्विक निवेश मानचित्र पर स्थापित करना और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के नए अवसरों को तलाशना है।

श्री साय ने जापान पहुंचने के बाद सबसे पहले राजधानी टोक्यो के ऐतिहासिक असाकुसा मंदिर के दर्शन किए। टोक्यो का यह सबसे प्राचीन और प्रतिष्ठित मंदिर शांति और सामर्थ्य का प्रतीक माना जाता है।

मुख्यमंत्री ने आज टोक्यो में एनटीटी लिमिटेड जापान की सीईओ कायो इतो से मुलाकात की। यह कंपनी आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल समाधान के क्षेत्र में अग्रणी मानी जाती है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में डिजिटल, आईटी और तकनीकी आधारित निवेश पर चर्चा हुई।

नेता प्रतिपक्ष—राज्यपाल मांग

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने राज्य कैबिनेट में मंत्रियों की संख्या चौदह हो जाने को लेकर राज्यपाल रमेन डेका को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने संविधान के अनुच्छेद और विधानसभा के सदस्यों की संख्या का हवाला देते हुए एक मंत्री को पद से हटाए जाने की मांग की है। डॉक्टर महंत ने राज्यपाल को लिखे पत्र में कहा है कि संविधान के अनुच्छेद एक सौ चौंसठ के अनुसार किसी राज्य की मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की कुल संख्या उस राज्य की विधानसभा के सदस्यों की कुल संख्या में पन्द्रह प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कैबिनेट में हाल ही में तीन नये मंत्री शामिल किए गए हैं।

उज्बेकिस्तान–वैज्ञानिक दौरा

छत्तीसगढ़ के धान की विलक्षण जैव विविधता और उत्पादन तकनीक ने उज्बेकिस्तान के वैज्ञानिकों को प्रभावित किया है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी में शामिल होने के लिए उज्बेकिस्तान का एक प्रतिनिधिमंडल रायपुर पहुंचा है। संगोष्ठी के दौरान उज्बेकिस्तान के वैज्ञानिक प्रोफेसर ओयबेक रोज़िव के संस्थान और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के बीच कृषि शिक्षा और अनुसंधान को लेकर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत कृषि, पर्यावरण, जल संरक्षण, औषधीय पौधों का उत्पादन, खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान कार्य किए जाएंगे। इससे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा और अनुसंधान के अवसर प्राप्त होंगे। संगोष्ठी की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर गिरीश चंदेल ने की।

इस बीच, उज्बेकिस्तान के इस प्रतिनिधिमंडल ने आज कृषि मंत्री रामविचार नेताम से सौजन्य मुलाकात की।

ऑनलाइन गेमिंग विधेयक

संसद ने कल ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक को पारित कर दिया है। यह विधेयक ई–स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को प्रोत्साहित करने, साथ ही हानिकारक ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं, विज्ञापनों और उनसे संबंधित वित्तीय लेनदेन पर प्रतिबंध लगाने के बारे में है। कानून का उल्लंघन करने पर तीन साल तक की कैद और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने या दोनों का प्रावधान है।

पुलिस मुख्यालय में एआईजी टेक्निकल सर्विसेस कवि गुप्ता ने इस विधेयक की सराहना करते हुए कहा कि इससे छत्तीसगढ़ के लाखों युवाओं के भविष्य को बचाया जा सकेगा।

रेलवे–उपलब्धि

भारतीय रेलवे के इतिहास में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है। वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में महज एक सौ चवालीस दिनों में सौ मिलियन टन माल का लदान करने की उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि देश की ऊर्जा आवश्यकताओं, कोयला आधारित पावर प्लांट्स, इस्पात उद्योगों और विभिन्न कारखानों को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए हासिल की गई है। माल लदान की इस उपलब्धि के साथ ही एसईसीआर ने अट्ठाईस जुलाई को मात्र एक सौ उन्नीस दिनों में दस हजार का माल भाड़ा राजस्व अर्जित किया है।

सहकार भारती–राष्ट्रीय सम्मेलन

सहकार भारती द्वारा बुनकरों के लिए कल से रायपुर में दो दिवसीय प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। उद्घाटन सत्र में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप शामिल होंगे। सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर उदय जोशी ने बताया कि सम्मेलन में विभिन्न राज्यों के एक हजार से अधिक बुनकर भाग लेंगे। सम्मेलन में बुनाई उद्योग की वर्तमान चुनौतियों, बुनकरों के मुद्दों और अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही विभिन्न प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे।

रेलवे–तीजा फेस्टिवल फास्ट मेमू

तीजा पर्व के अवसर पर महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। रायपुर–अनूपपुर और रायपुर–ताड़ोकी के बीच दो जोड़ी तीजा फेस्टिवल फास्ट मेमू ट्रेने चौबीस, पच्चीस, अट्ठाईस और उनतीस अगस्त को चलाई जाएंगी।

हेरोइन–आरोपी गिरफ्तार

राजधानी रायपुर में वीडियो और लोकेशन शेयरिंग के जरिए हेरोइन का सिंडिकेट चला रहे गिरोह के छह सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने दो सौ तिहत्तर ग्राम से अधिक हेरोइन जब्त की है, जिसकी कीमत संतावन लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। कबीरनगर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नार्कोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

बातों–बातों में

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार गौधाम योजना पर छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल से ली गई विशेष भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण कल तेईस अगस्त को एफ.एम. चैनल पर सुबह नौ बजे से और प्राईमरी चैनल पर सुबह साढ़े दस बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

मौसम

प्रदेश में मानसून की गतिविधियां तेज हो गई हैं। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटें पड़ने की संभावना व्यक्त की है। वहीं, एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ बिजली गिरने और भारी वर्षा होने की चेतावनी दी गई है। भारी वर्षा का मुख्य क्षेत्र उत्तर छत्तीसगढ़ रहने के आसार है।

इस बीच, रायगढ़ जिले में लगातार हो रही बारिश के बाद केलो बांध के चार गेट खोल दिए गए हैं, जिससे केलो नदी का जलस्तर बढ़ गया है। कई नदी–नाले उफान पर हैं।

समाचार संक्षेप में ...

- छत्तीसगढ़ मानव अधिकार आयोग की टीम आज बलौदाबाजार पहुंची। आयोग के अध्यक्ष गिरधारी नायक ने अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित मामलों की समीक्षा की और उनका तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए।

- स्वच्छ भारत अभियान के तहत आज राजभवन में अधिकारियों और कर्मचारियों ने अभियान चलाकर परिसर की साफ–सफाई की।

- भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा पुसेवाड़ा गांव में कल निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसमें इंक्यावन ग्रामीणों की जांच कर उन्हें दवाइयां वितरित की गईं।

- गौरैला–पेंड्रा–मरवाही जिले में भारतीय अग्निवीर थल सेना परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को शरीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी के लिए जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

- जांजगीर–चांपा जिले के पामगढ़ क्षेत्र के कुटरा गांव में खड़े ट्रक से दोपहिया वाहन के टकरा जाने से दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

- कोरबा पुलिस ने करीब अट्ठारह हजार नग प्रतिबंधित दवाइयों के साथ आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने एक प्रेसवार्ता में बताया कि छह आरोपी कोरबा से और दो आरोपी वाराणसी से गिरफ्तार किए गए हैं।

संक्षिप्त–02

- गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले में एक से चार सितंबर तक राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत जिम्नास्टिक, ताइक्वाडों और क्रिकेट की प्रतियोगिताएं होंगी।

- सक्ती जिले के मालखरौदा विकासखंड के कंचन्दा गांव के किसानों ने खाद की कमी को लेकर जैजेपुर–मालखरौदा मुख्य मार्ग पर चक्काजाम किया।

- छत्तीसगढ़ कर्मचारी–अधिकारी फेडरेशन द्वारा अपनी मांगों को लेकर राज्य के विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया गया।

- कनेक्ट बस्तर की थीम पर पर्यटकों को सुविधा प्रदान करने के लिए वन मंत्री केदार कश्यप ने आज जगदलपुर से दस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>